खाटू सी सरकार नहीं भजन लिरिक्स

सरकार हजारों दुनिया में पर,
खाटू सी सरकार नहीं,
जहाँ वक़्त से पहले मिलता हो,
ऐसा केवल दरबार यही।bd।
श्री श्याम जय श्याम,
श्री श्याम जय श्याम,
श्री श्याम जय श्याम,
जय जय श्याम।

तर्ज – है प्रीत जहाँ की रीत सदा।

जिसने है जितना जतन किया,
उसने उतना सुख पाया है,
इतिहास गवाह है बाबा ने,
उनके जीवन को सजाया है,
यहाँ संयम रखने वालों की,
जाती मेहनत बेकार नहीं,
जहाँ वक़्त से पहले मिलता हो,
ऐसा केवल दरबार यही।bd।
श्री श्याम जय श्याम,
श्री श्याम जय श्याम,
श्री श्याम जय श्याम,
जय जय श्याम।

रिश्ते नाते भाई बंधू जब,
कोई काम नहीं आएंगे,
उस वक़्त मदद करने तेरी,
प्रभु दौड़ श्याम ही आएंगे,
जो हार गया है इस दर पे,
उनकी होती कहीं हार नहीं,
जहाँ वक़्त से पहले मिलता हो,
ऐसा केवल दरबार यही।bd।
श्री श्याम जय श्याम,
श्री श्याम जय श्याम,
श्री श्याम जय श्याम,
जय जय श्याम।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

भूखे ने निवाला पाया है,
और बाँझ ने लाला पाया है,
माधव पाया उसने वैसा,
जो जैसी नियत लाया है,
बस अहम दिखाने वालों को,
करते बाबा स्वीकार नहीं,
जहाँ वक़्त से पहले मिलता हो,
ऐसा केवल दरबार यही।bd।
श्री श्याम जय श्याम,
श्री श्याम जय श्याम,
श्री श्याम जय श्याम,
जय जय श्याम।

सरकार हजारों दुनिया में पर,
खाटू सी सरकार नहीं,
जहाँ वक़्त से पहले मिलता हो,
ऐसा केवल दरबार यही।bd।
श्री श्याम जय श्याम,
श्री श्याम जय श्याम,
श्री श्याम जय श्याम,
जय जय श्याम।

Singer – Krishnapriya

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com